भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 780
गुरुवार, 4 दिसंबर, 2025/13 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

दाहोद में विमानन नेटवर्क का विस्तार

780. श्री जसवंतसिंह सुमनभाई भाभोर:

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या उड़ान योजना के अंतर्गत दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में हवाई पट्टी/हेलीपैड के विकास सहित हवाई संपर्क बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का विचार दाहोद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र की औद्योगिक, जनजातीय और पर्यटन आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विमानन नेटवर्क का विस्तार करने का है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या उक्त लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए कोई विशेष अध्ययन/सर्वेक्षण कराया गया है और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) से (ग): 'उड़ान' योजना में शामिल करने के लिए हवाईपट्टियों/हवाईअड्डों/वाटर एयरोड्रोमों की सूची को संबंधित राज्य सरकार के परामर्श से अंतिम रूप दिया जाता है और हितधारकों की सूचना हेतु प्रकाशित किया जाता है। गुजरात राज्य में दाहोद हवाईपट्टी, 'उड़ान' दस्तावेज में असेवित हवाईअड्डों की सूची में शामिल नहीं है। यदि गुजरात की राज्य सरकार दाहोद में हवाईपट्टी के अस्तित्व के बारे में सूचित करती है और 'उड़ान' योजना के तहत इसे शामिल करने का अनुरोध करती है, तो इसे 'उड़ान' योजना दस्तावेजों में शामिल किया जाएगा।

*****